SUNDAY | 07.04.2019 उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 51 | अंक 79 | पृष्ठ : 22+2+4=28 | मूल्य : छह रुपये बरेली • 7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

Page No:13 Middle

नकद और मेडल्स से नवाजे गए होनहार

एसआरएमएस के दीक्षांत समारोह में छात्रों को दी गई उपाधि। अमर उजाला

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में शनिवार को एमबीबीएस- 2013 बैच और पीजी (एमडी/एमएस) 2015 बैच का 8वां दीक्षांत समारोह हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि केजीएमयू लखनऊ के कुलपति प्रो. मदन लाल ब्रह्मभट समेत एसआरएमएस के चेयरमैन देव मूर्ति, प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, संस्थान के प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता ने दीप जलाकर किया। विशिष्ट अतिथि एमजेपी रुहेलखंड विवि के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला रहे।

दीक्षांत समारोह में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दीक्षा ग्रहण कराने के बाद उन्हें एमसीआई ने शपथ ग्रहण कराई। 8वें दीक्षांत समारोह में 91 एमबीबीएस और 40 पीजी छात्रों को संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने उपाधि वितरित की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने और संस्थान के चेयरमैन ने सभी विद्यार्थियों को मेडल और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इसमें एमबीबीएस के ऑनर्स में डॉ. संध्या यादव को गोल्ड मेडल समेत 57,500 रुपये का नकद पुरस्कार, डॉ. रिया जिंदल को सिल्वर और डॉ. वत्सल अग्रवाल को ब्रांज मेडल से नवाजा गया। डॉ. तोहा नईम को गोल्ड मेडल समेत पांच हजार रुपये, डॉ. रिचा को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। वहीं, पैरामेडिकल साइंस के 2017-18 बैच में स्नेहा खुराना को गोल्ड मेडल समेत 11 हजार रुपये का नगद पुरस्कार, फौजी को सिल्वर मेडल, निशत फातिमा को ब्रांज मेडल से नवाजा गया। ब्यूरो